| तारीख हुक्म | राजूराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी)<br>सू.अ.अपील संख्या 184/2022 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 20.07.22 | अपीलार्थी राजूराम विश्नोई निवासी 564, मंगल नगर, गुड़ा विश्नोईयान, प.स. लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 22.04.2022 में उसके द्वारा (1) तहसीलदार कार्यालय लूणी द्वारा 01 जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2021 तक कार्मिकों को विदेश यात्रा हेतु जारी अनुमति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतियां (2) 01 जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2021 तक तहसील कार्यालय लूणी में कार्यरत विदेश यात्रा करने वाले कार्मिकों की सूची मय नाम, पदनाम से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। | |